कार्यालय नजारत अनुभाग,
जनपद न्यायालय,अम्बेडकरनगर।

निविदा–सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर परिसर में वित्तीय वर्ष 2019–20 की हेतु कैंटीन(जलपान गृह)की नीलामी के संबन्ध में निम्नलिखित शर्तों के अधीन सीलबन्द अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

सीलबन्द निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय, नजारत अनुभाग में दिनांक 24.06.2019 को सायं 05.00 बजे तक अवश्य प्राप्त करा दिए जाय।तत्पश्चात सभी निविदाएं दिनांक 25.06.2019 दिन मंगलवार ,समय सायंकाल 04 बजे मीटिंग हाल में खोले जायेंगे।

नीलामी की मुख्य शर्तें

आरक्षित बोली की धनराशि 50 प्रतिशत नकद तत्काल जमा करनी होगी। बोली की धनराशि जमा न करने पर बकाया धनराशि राजस्व बकाया की भाँति वसूली प्रमाण–पत्र के माध्यम से वसूल की जायेगी तथा जमा अग्रिम धनराशि जब्त मानी जायेगी। प्रत्येक बोली बोलने वाले इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त दूकान की, नीलामी हेतु 25,000/रू (पच्चीस हजार रू)मात्र के चल/अचल सम्पत्ति से संबंधित प्रमाण पत्र एवं 2000/रू (दो हजार रू)मात्र नकद नीलामी के एक दिन पूर्व कार्यालय समय से नजारत अनुभाग में जमा करेगें। साथ ही परिचय पत्र के रूप में वोटर कार्ड अथवा आधार कार्ड की प्रति जमा करें।

निर्धारित अवधि के अन्दर धनराशि न जमा होने की दशा में ठेका स्वयमेव निरस्त माना जायेगा और संबंधित व्यक्ति से नियमानुसार क्षतिपूर्ति राजस्व बकाया के रूप में वसूल की जायेगी।नीलामी को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जिला न्यायाधीश, अम्बेडकरनगर को होगा। उपरोक्त व्यवसाय संचालन हेतु न्यायालय परिसर में केवल एक निर्धारित जगह प्रदान की जायेगी, अन्य व्यवस्था नीलामी लेने वाले व्यक्ति को स्वयं अपने खर्चे पर करनी होगी।उक्त निविदा के बाबत अन्य शर्तो की जानकारी, जिला न्यायालय, अम्बेडकरनगर में स्थित नजारत अनुभाग से, किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

दिनांक 22.05.2018

(वाणी रंजन),
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला न्यायाधीश, कक्ष सं01
कृते जनपद न्यायाधीश,
अम्बेडकरनगर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. कार्यालय जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
02. कार्यालय जिला विकास अधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
03. कार्यालय अध्यक्ष जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर।
04. तहसील अकबरपुर, रेलवे स्टेशन, नगर पालिका, अकबरपुर के नोटिस बोर्ड पर।
05. न्यायालय भवन के मुख्य नोटिस बोर्ड पर।
06. सूचना अधिकारी, अम्बेडकरनगर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन किये जाने हेतु
07. सिस्टम आफीसर, कम्प्यूटर अनुभाग

Vani Ranjan
22-5-19

(वाणी रंजन),
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला न्यायाधीश, कक्ष सं01
कृते जनपद न्यायाधीश,
अम्बेडकरनगर।